# भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, भोपाल
## BHARAT HEAVY ELECTRICALS LIMITED, BHOPAL
## (भारत सरकार का उपक्रम)

**विज्ञापन संख्या 01/2023, दिनांक 15.11.2023**

भारत सरकार के प्रमुख महारत्न उपक्रम बीएचईएल की भोपाल इकाई, मध्य प्रदेश के मूल/स्थानीय निवासी अभ्यर्थियों से शिक्षु अधिनियम 1961 के अनुसार सत्र 2023-24 के लिए निम्नवत, ट्रेड अप्रेंटिस (एक वर्षीय) शिक्षुता प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित करता है:

| क्र.सं. | व्यवसाय | रिक्तियों की संख्या | प्रशिक्षण अवधि | आवश्यक अर्हता/योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | इलेक्ट्रीशियन | 30 | एक वर्ष | • *10वीं/हाई स्कूल उत्तीर्ण एवं मध्य प्रदेश में स्थित, एनसीव्हीटी (NCVT) द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से नियमित छात्र के रूप में राष्ट्रीय व्यवसाय परीक्षा (आई.टी.आई.) उत्तीर्ण ।<br>• ** सामान्य/ईडब्ल्यूएस(EWS)एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए राष्ट्रीय व्यवसाय परीक्षा (आई.टी.आई.) में न्यूनतम 60% अंक तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति वर्ग के उम्मीदवारों के लिए राष्ट्रीय व्यवसाय परीक्षा में न्यूनतम 55% अंक अर्जित करना अनिवार्य है।<br>• ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने आई.टी.आई. व्यक्तिगत अभ्यर्थी (as a private candidate) के रूप में किया है, वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।<br>• ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें 1 वर्ष या इससे अधिक का कार्य अनुभव हो अथवा जिन्होने शिक्षु अधिनियम 1961 के अंतर्गत किसी संस्थान से 1 वर्षीय शिशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त किया है या प्रशिक्षणरत हैं, वे अभ्यर्थी इस प्रशिक्षण के लिए पात्र नहीं हैं अतः ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।<br>• MES सर्टिफिकेट धारी अभ्यर्थी एवं जिन अभ्यर्थियों ने SCVT द्वारा जारी आईटीआई (ITI) सर्टिफिकेट को बाद में एनसीव्हीटी (NCVT) में परिवर्तित किया है वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के पात्र नहीं हैं। |
| 2 | फिटर | 30 | एक वर्ष | |
| 3 | मशीनिष्ट कम्पोजिट | 20 | एक वर्ष | |
| 4 | वेल्डर (गैस एवं इलेक्ट्रिक) | 20 | एक वर्ष | |
| | **कुल सीट** | **100** | | |

* बीएचईएल भोपाल के कर्मचारियों(मृतक/सेवानिवृत्त/कार्यरत) के पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी, जिन्होने मध्य प्रदेश के बाहर से आई.टी.आई. (NCVT) उत्तीर्ण की है, वो भी आवेदन कर सकते हैं।

** बीएचईएल भोपाल के कर्मचारियों(मृतक/सेवानिवृत्त/कार्यरत) के पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी को न्यूनतम अंकों की बाध्यता नहीं होगी।

❖ ऐसे आवेदक जिन्होंने आई.टी.आई. की **परीक्षा वर्ष 2021** के पूर्व उत्तीर्ण की है वे शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए अर्ह नहीं है अत: ऐसे अभ्यर्थी आवेदन न करें । बीएचईएल भोपाल के कर्मचारियों के पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी को आई.टी.आई. उत्तीर्ण वर्ष में तीन वर्ष की अतिरिक्त छूट रहेगी अर्थात जिन्होने आई.टी.आई. की परीक्षा वर्ष **2018** तथा इसके बाद उत्तीर्ण की है वे शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए अर्ह है।

- रिक्तियों की यह संख्या अनंतिम (indicative) है तथा समीक्षा के दौरान यह संख्या परिवर्तित हो सकती है। इसके परिणाम स्वरूप विभिन्न वर्गों / श्रेणियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या भी पुनरीक्षित हो सकती है।

## आरक्षण एवं आयु में छूट:

मध्यप्रदेश प्रदेश सरकार के ग्रुप-C वर्ग पद के लिए की जाने वाली भर्तियों में लागू आरक्षण प्रतिशत (%) के आधार पर :

| आरक्षित पद | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **अनुसूचित जाति** | **अनुसूचित जनजाति** | **अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमीलेयर)** | **अनारक्षित** | **ईडब्ल्यूएस(EWS) आर्थिक कमजोर वर्ग** | **योग** | **शारीरिक विकलांग** |
| 15% | 20% | 15% | 40% | 10% | - | 4% |
| 15 | 20 | 15 | 40 | 10 | 100 | 4 |
| **आयु में छूट** | | | | | | |
| 5 वर्ष | 5 वर्ष | 3 वर्ष | | - | - | 10 वर्ष |

- सभी वर्गों / श्रेणियों में उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 14 वर्ष होनी चाहिए।
- उच्चतम आयु सीमा की गणना हेतु कट आफ दिनांक 01/11/2023 रहेगी ।
- सामान्य/ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु सीमा 27 वर्ष रहेगी।
- बीएचईएल भोपाल के कर्मचारियों (मृतक/सेवानिवृत्त/कार्यरत) के पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी को उच्चतम आयु सीमा में 3 वर्ष की अतिरिक्त छूट दी जाएगी।
- शारीरिक विकलांग आवेदकों को, जिनकी न्यूनतम विकलांगता 40% हो, क्षैतिज आधार पर 4% आरक्षण दिया जाएगा। छूट प्राप्त करने हेतु आवेदकों द्वारा प्राधिकृत अधिकारी अथवा जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।
- आर्थिक कमजोर वर्ग के आवेदकों हेतु, जो शासन द्वारा जारी आर्थिक कमजोर वर्ग की सभी शर्तें पूरी करते हों, 10% आरक्षण का प्रावधान है। छूट प्राप्त करने हेतु आवेदकों द्वारा सक्षम अधिकारी (राज्य / केंद्र शासित) द्वारा जारी आर्थिक कमजोर वर्ग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।
- आर्थिक कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों द्वारा केवल अधिकृत अधिकारी द्वारा जारी नवीनतम प्रमाणपत्र जो एक वर्ष से पुराना न हो ही मान्य होगा |
- बी.एच.ई.एल. भोपाल के कर्मचारियों (मृतक / सेवानिवृत्त / कार्यरत) के आश्रितों (पुत्र/ पुत्री/ पति/ पत्नी) के लिए अधिकतम 20% रिक्तियां आरक्षित है।
- शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए चयन, पात्र उम्मीदवारों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार वरीयता सूची (Merit List) के अनुसार किया जायेगा ।
- चयन एवं लिखित परीक्षा संबंधी सूचना हमारी वेबसाइट https://bpl.bhel.com/bplweb_new/careers/index.html पर उपलब्ध करा दी जायेगी। अन्य किसी प्रकार के सूचना के माध्यम का प्रयोग नहीं किया जायेगा।

## वृत्तिका / स्टाइपेंड:

- कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय,भारत सरकार के अधिसूचना क्रमांक (भारत का राजपत्र) सा.का.नि.686(अ.) दिनांक 25 सितंबर 2019 के अनुसार वृत्तिका दर प्रतिमाह देय होगी।
- इसके अतिरिक्त अन्य कोई भत्ते / लाभ की पात्रता नहीं होगी।

## सामान्य निर्देश :

- शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे,फैक्स/ईमेल या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे ।

- ❖ उम्मीदवार कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि वे शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए आवश्यक योग्यता रखते हैं तथा उनके द्वारा दी गई सभी जानकारियां सही हैं।
- ❖ सभी अभ्यर्थियों के पास वैध ईमेल आईडी (Email ID) एवं मोबाइल नंबर होना आवश्यक हैं जिसे अभ्यर्थी को कम से कम 6 माह तक वैध रखना होगा। बीएचईएल द्वारा सभी पत्राचार आपके द्वारा दिए गए ईमेल आईडी एवं मोबाइल नंबर पर ही किया जाएगा।
- ❖ अभ्यर्थी बी.एच.ई.एल. भोपाल के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र (APPLY ONLINE) भरते समय आई.टी.आई. के सभी सेमेस्टर में अर्जित अंकों को जोड़कर प्राप्तांक में भरें तथा सभी सेमेस्टर के अधिकतम अंकों को जोड़कर अधिकतम अंक (maximum marks) कॉलम में भरें।
- ❖ वे अभ्यर्थी जिनको बोर्ड द्वारा हाई स्कूल/10वीं कक्षा में CGPA ग्रेड प्राप्त हुआ है ऐसे अभ्यर्थी बी.एच.ई.एल. भोपाल के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय 10वीं के अधिकतम अंक कालम में 10 और प्राप्तांक में प्राप्त CGPA भरें। अन्य अभ्यर्थी अधिकतम अंक एवं प्राप्तांक भरें।
- ❖ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ईडब्ल्यूएस(EWS) तथा शारीरिक विकलांग उम्मीदवार कृपया अपनी श्रेणी ध्यानपूर्वक भरें, बाद में उनके द्वारा भरी गई कोई भी जानकारी किसी भी परिस्थिति में बदली नहीं जाएगी।
- ❖ रिक्तियों की यह संख्या अनंतिम (indicative) है तथा समीक्षा के दौरान यह संख्या परिवर्तित की जा सकती है। तदनुसार विभिन्न वर्गो /श्रेणियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या भी पुनरीक्षित की जा सकती है।
- ❖ चयन प्रक्रिया के दौरान अथवा चयनोपरांत निर्धारित अर्हताओ को पूर्ण नहीं किये जाने पर तथा निर्धारित दस्तावेज प्राप्त न होने पर या संबंधित दस्तावेज गलत पाये जाने पर अथवा किसी भी प्रकार की घोषणा गलत पाये जाने पर आवेदक की उम्मीदवारी/ प्रशिक्षण किसी भी समय बिना किसी कारण बताए निरस्त की जा सकती है।
- ❖ शिक्षुता प्रशिक्षण, आर.डी.एस.डी.ई. (RDSDE) भोपाल में कांट्रैक्ट पंजीयन होने पर आधारित है, यदि किसी कारणवश कांट्रैक्ट पंजीयन नहीं हो पाता है तो आपको प्रशिक्षण से मुक्त कर दिया जाएगा ।
- ❖ बी.एच.ई.एल. भोपाल के प्रबंधन के पास बिना कोई कारण दिए चयन प्रक्रिया में संशोधन/ पुनर्निधारण/ निरस्त/ निलबंन करने का अधिकार सुरक्षित है। इस संबंध में किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।
- ❖ उपर्युक्त से संबंधित समस्त सूचनाऐं समय- समय पर हमारी बेवसाईट https://bpl.bhel.com/bplweb_new/careers/index.html पर दी जायेगी तथा अन्य किसी प्रकार के सूचना के माध्यम का प्रयोग नहीं किया जायेगा।
- ❖ बी.एच.ई.एल. भोपाल के पास किसी भी आवेदन को, बिना किसी कारण सूचित किये, निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
- ❖ विज्ञापन अथवा भेजे गए आवेदन पर किसी भी प्रकार की विधिक कार्यवाही के निपटारे हेतु भोपाल स्थित न्यायालय/अधिकरण/फोरम को ही इसका एकमात्र अधिकार होगा।
- ❖ आवेदक, चयन हेतु बी.एच.ई.एल द्वारा बनाए गए एवं भविष्य में बनाए जाने वाले सभी नियमों एवं विनियमों का पालन करने के लिए बाध्य होगें।
- ❖ चयनित अभ्यर्थियों को प्राशिक्षण प्रारम्भ होने से पूर्व, शिशिक्षु अधिनियम, 1961 एवं संबंध नियम के तहत निर्धारित प्रारुप में, सक्षम चिकित्साधिकारी के द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों की प्रशिक्षण निर्धारित स्वास्थ्य मानकों पर खरा उतरने पर निर्भर करती है।
- ❖ **अभ्यर्थी ध्यान रखें कि यह विज्ञापन केवल शिक्षुता प्रशिक्षण के लिए है,नौकरी या रोजगार के लिए नहीं। प्रशिक्षण के उपरांत बीएचईएल भोपाल किसी भी अभ्यर्थी को रोजगार देने के लिए बाध्य नहीं होगा और न ही इस संबंध में कोई विचार किया जाएगा।**

## चयन की चरणबद्ध प्रक्रिया:-

### अ. प्रथम चरण :-

अप्रेंटिससिप साइट में रजिस्ट्रेशन :-

1. आवेदक को www.apprenticeshipindia.gov.in पर रजिस्ट्रेशन करना तथा अपनी प्रोफाईल पूर्ण करना अनिवार्य है ।

2. रजिस्ट्रेशन के उपरान्त, आवेदक को एक रजिस्ट्रेशन नम्बर प्राप्त होगा जोकि अग्रिम आवेदन प्रक्रिया के लिये अनिवार्य है।

### ब. द्वितीय चरण :-

अप्रेंटिससिप साइट में आवेदन :-

1. पुन: www.apprenticeshipindia.gov.in पर login करें।
2. तदोपरान्त Establishment Search पर Bharat Heavy Electricals Limited Bhopal ( रजि. न. E05202303981) को सर्च करें ।
3. Bharat Heavy Electricals Limited Bhopal की लिंक पर click कर, संबंधित ट्रेड के लिये आवेदन करें ।

### स. तृतीय चरण :-

भेल की वेबसाइट पर आवेदन पत्र भरना :-

तदोपरान्त, प्रथम चरण में प्राप्त रजिस्ट्रेशन नम्बर का उपयोग करते हुए आवेदक बीएचईएल भोपाल की वेबसाइट https://bpl.bhel.com/bplweb_new/careers/index.html पर **"ITI Trade Apprenticeship 2023-24"** के अंतर्गत उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र (Apply Online) भरें। ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्णतः भरने के पश्चात पावती पत्र की प्रिंट (Acknowledgement Slip), अग्रिम प्रक्रिया हेतु सहेज कर रखें|

नोट:- किसी भी अन्य प्रकार से आवेदन स्वीकार्य नहीं किये जायेगें।

### द. चतुर्थ चरण :-

लिखित परीक्षा का आयोजन :-

उपयुक्त अभ्यर्थी जो कि विज्ञापन की सभी अहर्ताओं को पूर्ण करते हों, को योग्यता परीक्षा (ITI) में प्राप्त अंकों के आधार पर (सभी प्रकार की रिक्तियों एवं श्रेणियों के 1:10 के अनुपात में) लिखित परीक्षा हेतु बुलाया जाएगा । अभ्यर्थियों का अंतिम चयन लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार वरीयता सूची के अनुसार किया जायेगा । लिखित परीक्षा में प्राप्त समान अंकों की स्थिति में, जिस अभ्यर्थी के ITI में अधिक अंक हैं, को वरीयता दी जाएगी । यदि उसमें भी समानता पाई जाती है, तो ऐसी स्थिति में अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी। उसके उपरांत हाई स्कूल में प्राप्त अंकों के आधार पर निर्णय लिया जाएगा ।

**नोट: लिखित परीक्षा के लिए चयनित सभी अभ्यर्थी पावती पर्ची** (Acknowledgement Slip) **के साथ निम्नलिखित आवश्यक दस्तावेजों की एक प्रति स्वयं द्वारा सत्यापित करें तथा संलग्न कर लिखित परीक्षा के समय लायें एवं परीक्षा केंद्र पर अनिवार्यतः जमा करें अन्यथा लिखित परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा**:-

1. ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्णतः भरने के पश्चात पावती पत्र की प्रिंट (Acknowledgement Slip)
2. www.apprenticeshipindia.gov.in पर रजिस्ट्रेशन के पश्चात प्राप्त पंजीयन क्रमांक।
3. दसवीं कक्षा का प्रमाणपत्र/अंकसूची ।
4. शैक्षणिक योग्यता के प्रमाणपत्र/अंकसूची- 10वीं / 12 वीं / स्नातक इत्यादि।
5. आईटीआई / एनटीसी प्रमाणपत्र, अंकसूची सहित। (सभी सेमेस्टर की मार्कशीट/अंकसूची)
6. मध्य प्रदेश का मूल निवासी प्रमाणपत्र।
7. आधार कार्ड की प्रति।
8. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्र । यदि लागू हो (If applicable)
9. ईडब्ल्यूएस(EWS) प्रमाणपत्र जो कि एक वर्ष से पुराना न हो। यदि लागू हो (If applicable)
10. अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)जाति प्रमाणपत्र । यदि लागू हो (If applicable)
11. शारीरिक विकलांग उम्मीदवारों के लिए चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी प्रमाणपत्र। यदि लागू हो (If applicable)
12. बीएचईएल भोपाल के कर्मचारियों के पुत्र/पुत्री/पति/पत्नी को निम्न में से कोई एक दस्तावेज़ भी संलग्न करना होगा:-
    - (i) कर्मचारी माता/पिता/पति/पत्नी के मेडिकल टोकन की प्रति जिसमें आपका नाम व फोटो हो।
    - (ii) यदि कर्मचारी माता/पिता/पति/पत्नी सेवानिवृत्त हों, तो सेवानिवृत्ति का कार्यालय भाग-2 आदेश की प्रति तथा साथ में कोई ऐसा दस्तावेज़ जिसमें कर्मचारी माता/पिता/पति/पत्नी के साथ-2 परिवार का सम्पूर्ण विवरण (नाम,जन्मतिथि) आदि हो जिसमें आपका नाम भी हो।

(iii) यदि कर्मचारी माता/पिता/पति/पत्नी मृतक हैं, तो कार्यालय भाग-2 आदेश की प्रति तथा साथ में कोई ऐसा दस्तावेज़ जिस में कर्मचारी माता / पिता के साथ-साथ परिवार का सम्पूर्ण विवरण (नाम, जन्मतिथि एवं फोटो) आदि हो जिसमें आपका नाम भी हो।

13. फैक्स / ईमेल / या अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे ।

**लिखित परीक्षा हेतु चयनित अभ्यर्थियों की जानकारी एवं लिखित परीक्षा के उपरांत अंतिम चयन संबंधी सूचना हमारी वेबसाइट** https://bpl.bhel.com/bplweb_new/careers/index.html **पर उपलब्ध करा दी जायेगी।**

## महत्वपूर्ण तिथियाँ

ऑन लाइन आवेदन भरने की प्रारंभ तिथि: **15.11.2023** (सुबह 10 बजे से)

ऑन लाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि: **05.12.2023** (मध्य रात्रि तक )

****************